बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
**Baroda Rajasthan Kshetriya Gramin Bank**
(भारत सरकार, राजस्थान सरकार तथा बैंक ऑफ बड़ौदा का संयुक्त उपक्रम)
(Joint Venture of Govt of India, Govt of Rajasthan & Bank of Baroda)

## विज्ञप्ति - झालावाड़ शहर में क्षेत्रीय कार्यालय हेतु परिसर की आवश्यकता

बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, अपना क्षेत्रीय कार्यालय, झालावाड़ शहर में स्थापित किए जाने हेतु झालावाड़, जिला - झालावाड़ में समुचित स्थान पर मय पर्याप्त पार्किंग, आसान पहुंच, दूर तक अच्छी दृश्यता सहित व्यावसायिक उपयोग हेतु अनुमोदित परिसर लीज/किराये के आधार प्राप्त करने का निम्नानुसार इच्छुक हैं -

| शाखा/कार्यालय का नाम, जिसके लिए परिसर चाहिए | कारपेट एरिया | अवधि | स्थान | आवश्यक इलेक्ट्रिक लोड |
|---|---|---|---|---|
| क्षेत्रीय कार्यालय | 3500 - 4000 वर्ग फीट (325 – 372 वर्ग मीटर) | 10-15 वर्ष (10 वर्ष स्थाई + 5 वर्ष वैकल्पिक) | झालावाड़ जिला – झालावाड़ | 20 – 25 KW |

इच्छुक आवेदक निम्नवत नोट करें:-

1. परिसर/प्लॉट अधिमानतः मुख्य सड़क पर होना चाहिए.
2. परिसर अधिमानतः पार्किंग सुविधा, पानी और बिजली की आपूर्ति आदि जैसी सभी सुविधाओं सहित नव निर्मित होना चाहिए.
3. परिसर में उचित जल निकासी कनेक्शन/सीवेज प्रणाली और महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय होने चाहिए.
4. प्रस्तावित परिसर में फ्लोरिंग टाइल्स (बैंक की आवश्यकता के अनुसार) की आवश्यकता है.
5. मकान मालिक द्वारा मुख्य प्रवेश द्वार के लिए रोलिंग शटर उपलब्ध कराया जाएगा.
6. सभी खिड़कियों में लोहे की ग्रिल लगाई जाएगी.
7. परिसर के मुख्य द्वार पर बैंक का साइन बोर्ड लगाया जाएगा एवं परिसर की छत पर विभिन्न उपकरण जैसे सोलर सेट आदि लगवाने पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए. इस हेतु कोई अतिरिक्त किराया देय नहीं होगा. उक्त उपकरणों की मरम्मत इत्यादि के लिए छत पर जाने हेतु रास्ता उपलब्ध रखना होगा एवं किसी प्रकार की रोक नहीं रहेगी.
8. भवन मालिक द्वारा प्रस्तावित परिसर के लिए आवश्यक लोड के अनुसार "थ्री फेज़" कनेक्शन सहित बैंक के नाम पर अलग बिजली मीटर प्रदान किया जाना चाहिए.
9. लीज डीड का व्यय भवन मालिक व बैंक द्वारा 50:50 वहन किया जाएगा.
10. भवन मालिक द्वारा परिसर में बैंक की आवश्यकता के अनुरूप विनिर्माण (renovation) कार्य करवाया जाएगा तथा विनिर्माण (renovation) कार्य पूर्ण होने पर डिस्टेंपर से पुताई एवं अन्य रंग रोगन करवाया जाएगा.
11. बैंक भवन की प्रत्येक 2 वर्ष में डिस्टेंपर से पुताई एवं खिड़कियाँ, दरवाजे, शटर आदि का रंग रोगन बैंक की सुविधानुसार भवन मालिक द्वारा करवाया जाएगा.
12. शाखा परिसर में उपयुक्त स्थान पर एटीएम लगाने एवं जनरेटर लगाने पर भवन मालिक को कोई आपत्ति नहीं होगी एवं इस हेतु भवन मालिक द्वारा कोई अतिरिक्त किराये की मांग नहीं की जाएगी.
13. परिसर में एटीएम लगाने अथवा अन्य आंतरिक व्यवस्था के लिए बैंक अपनी आवश्यकतानुसार निर्माण/परिवर्तन/परिवर्धन कर सकेगा. इसके लिए कोई अतिरिक्त किराया देय नहीं होगा.

.....2

बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय बारां

क्षेत्रीय कार्यालय :: कोटा रोड , बारां –पिन 325205
Regional Office : Kota Road, Baran -Pin 325205
फोन /Phone : 07453-, 230034
ई–मेल/E Mail –robara@barodarajasthanrrb.co.in

14. भवन में आवश्यक छुटपुट मरम्मत का कार्य ( रु 500/- तक बैंक द्वारा करवाया जाएगा) लेकिन बड़ी मरम्मत का कार्य भवन मालिक द्वारा करवाया जाएगा.
15. लीज/करार निष्पादित करवाते समय भवन के मालिकाना हक़ से सम्बंधित दस्तावेजो की जांच बैंक के पैनल अधिवक्ता से करवाई जाएगी एवं दस्तावेजो की प्रमाणित प्रति भवन मालिक द्वारा बैंक को प्रदान की जाएगी. व्यावसायिक परिसर से सम्बंधित होने वाली सभी देयताएं भवन मालिक द्वारा वहन की जाएगी.
16. कार्यालय हेतु लिए जा रहे परिसर के सम्बन्ध में भवन मालिक से परिसर पर स्वयं का मालिकाना हक़ होने एवं परिसर संपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं होने का शपथ पत्र भवन मालिक द्वारा प्रदान किया जाएगा.
17. बैंक परिसर के वर्तमान एवं भविष्य में लगने वाले (जीएसटी के अतिरिक्त यदि लागू हो), सभी प्रकार के करों का भुगतान भवन मालिक द्वारा किया जाएगा.
18. किराया भुगतान (स्त्रोत पर) पर नियमानुसार आयकर कटौती की जाएगी.
19. बैंक लीज डीड अवधि के दौरान किसी भी समय 3 माह का नोटिस देकर परिसर को खाली करने हेतु स्वतंत्र होगा, इस हेतु कोई अतिरिक्त किराया देय नहीं होगा. लीजडीड में इसका उल्लेख किया जाएगा.
20. परिसर के सम्बन्ध में न्यायिक आदेश या स्थानीय निकाय/सरकारी एजेंसी द्वारा किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति किये जाने पर बैंक द्वारा परिसर समय पूर्व खाली किया जा सकता हैं.

**दो बोली प्रणाली के अनुरूप दो सीलबंद लिफाफों में प्रस्ताव, अर्थात: तकनीकी बोली (TB) और वित्तीय बोली (FB) में निम्नलिखित विवरण शामिल होने चाहिए.**

1. **लिफाफा संख्या (1)** - परफॉर्मा (ए) के अनुसार "तकनीकी बोली (TB)" के रूप में चिह्नित किया जाना चाहिए, जिसमें पूर्ण तकनीकी विवरण शामिल होना चाहिए यथा विस्तृत पते के साथ परिसर का स्थान, पूर्णता/ऑक्यूपेंसी प्रमाण पत्र के साथ पैमाने पर तैयार की गई योजना, पट्टे पर दिए जाने वाले हिस्से का कारपेट क्षेत्र, आंतरिक फिनिशिंग का विवरण, सुविधाएं, विद्युत भार, पार्किंग सुविधा, स्वीकृत योजना की प्रति, परिसर की अंदर एवं बाहर की एक-एक फोटो आदि. "तकनीकी बोली" में मूल्य पहलू के बारे में कोई संकेत नहीं दिया जाना चाहिए.
2. **लिफाफा संख्या (2)** - चिह्नित "वित्तीय बोली (FB)" में परफॉर्मा (बी) के अनुसार वित्तीय विवरण सही होना चाहिए. इसमें कॉरपेट एरिया के अनुसार प्रति वर्ग फुट किराया दर, आदि का विवरण शामिल होनी चाहिए, लिफाफे को सील किया जाना चाहिए और "वित्तीय बोली परफॉर्मा (बी)" के रूप में चिह्नित किया जाना चाहिए.

तकनीकी बोली और वित्तीय बोली के लिफाफे **एक बड़े सीलबंद लिफाफे में** डाले जाने चाहिए, जिस पर **"क्षेत्रीय कार्यालय झालावाड़ परिसर हेतु प्रस्ताव दिनांक 01.11.2024"** लिखा/चिह्नित होना चाहिए. बड़ा सीलबंद लिफाफा निम्न पते पर 01 नवम्बर 2024 को शाम 5:00 बजे तक या उससे पहले निम्न पते पर पहुंच जाना चाहिए, इसके बाद प्राप्त कोई भी प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा –

**"क्षेत्रीय प्रबंधक - बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, कोटा रोड, बारां (राजस्थान) – 325205."**

....3

बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय बाराँ

- डाक या अन्य किसी अनियमितता के कारण आवेदन प्रस्ताव जमा करने में होने वाली देरी पर किसी भी स्तर पर विचार नहीं किया जाएगा. कूरियर सेवा के माध्यम से वितरण/डिलीवरी के मामले में रास्ते में किसी भी क्षति के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं होगा.
- परफॉर्मा (ए) और (बी) इस विज्ञप्ति के साथ संलग्न हैं.
- सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों / बैंकों / उपक्रमों एवं सरकारी विभागों के प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जाएगी.
- यदि कोई बोलीदाता निर्दिष्ट क्षेत्र से अधिक कॉरपेट क्षेत्र वाले परिसर के लिए बोली लगाता है तो बोलीदाता को अतिरिक्त क्षेत्र निःशुल्क प्रदान करना होगा. अतिरिक्त क्षेत्र के लिए कोई भुगतान नहीं किया जाएगा.
- प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से कम से कम 120 दिनों की अवधि के लिए वैध होना चाहिए.
- तैयार परिसर या तीन माह के भीतर तैयार होने वाले भवन के मालिक ही आवेदन करें.
- अपूर्ण प्रस्ताव अस्वीकार किए जा सकते हैं.
- कोई दलाली नहीं दी जाएगी.
- बैंक बिना कोई कारण बताए सभी या किसी एक प्रस्ताव को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता हैं.
- इस प्रक्रिया के संबंध में किसी भी समय बैंक द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय अंतिम और निर्णायक होगा और उस संबंध में किसी भी पक्ष से कोई दावा या विवाद पर विचार नहीं किया जाएगा.

दूरभाष : 7073457463

दिनांक 12.10.2024

क्षेत्रीय प्रबंधक, बारां

बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
क्षेत्रीय कार्यालय बारॉं

# क्षेत्रीय कार्यालय परिसर हेतु प्रस्ताव

## परफॉर्मा (ए) :

## तकनीकी बिड का प्रारूप / Format for Technical Bid (TB)

| | | |
|---|---|---|
| **1** | **मालिक का नाम**<br>**Name of owner** | |
| **2** | **टेलीफोन नंबर/मोबाईल नंबर**<br>**Telephone / Mobile number** | |
| **3** | **प्रस्तावित परिसर का पता**<br>**Address of proposed premises** | |
| **4** | **परिसर का मालिकाना साक्ष्य (कॉपी संलग्न करें)**<br>**Proof of ownership (attach copy)** | |
| **5** | **कारपेट एरिया सहित मंजिल का विवरण. केवल कारपेट एरिया का कोटेशन होना है, किसी अन्य क्षेत्र का नहीं (वर्ग फुट)**<br>**Floor offered with details of Carpet area. Quote to be in Carpet area and not any other area in sq ft.** | **Width ______________FT**<br>**Length______________FT**<br>**Total________________SqFt** |
| **6** | **निर्माण का वर्ष / Year of Construction** | |
| **7** | **क्या प्रस्तावित परिसर वाणिज्यिक उपयोग हेतु नगरपालिका से स्वीकृत है. (प्रति संलग्न करें)**<br>**Whether the said premises has Municipal approval for commercial use (attach copy)** | |
| **8** | **स्वीकृत प्लान का विवरण (आवश्यकता पर प्रति उपलब्ध कराएं)**<br>**Details of Sanctioned Plan (Copy to be furnished on demand)** | |
| **9** | **पूर्णता / अधिग्रहण प्रमाणपत्र का विवरण (प्रति उपलब्ध कराएं)**<br>**Details of Completion / Occupation Certificate (Attach Copy)** | |
| **10** | **मुख्य सड़क से परिसर की दूरी**<br>**Distance of Premises from Main Road** | |

| | | |
|---|---|---|
| **11** | **पार्किंग सुविधा की उपलब्धता**<br>**Availability of Parking Facility** | |
| **12** | **जनरेटर सेट के लिए स्थान की उपलब्धता**<br>**Availability of Space for Generator Set** | |
| **13** | **संरचना का प्रकार – आरसीसी / भार धारित**<br>**Type of Structure – RCC / Load bearing** | |
| **14** | **विद्युत कनेक्शन भार की उपलब्धता**<br>**Availability of Electric Connection Load** | **_____किलोवाट / KW** |
| **15** | **जल वितरण कनेक्शन की उपलब्धता ( हाँ / नहीं )**<br>**Availability of Water Supply Connection**<br>**(Yes/ No)** | |
| **16** | **क्या परिसर अधिग्रहण के लिए तैयार है ( हाँ / नहीं ), यदि नहीं, तो अधिग्रहण के लिए तैयार होने में अधिकतम समय**<br>**Whether Premises is Readily Available for Occupation ( Yes / No ), If not, then max. time required for completion** | |
| **17** | **वी सैट / एमपीएलएस एंटिना एवं सोलर सेट के लिए छत पर जगह**<br>**Space for V-Sat / MPLS Antenna & Solar Set on Roof** | |
| **18** | **अन्य सुविधाएं (यदि कोई हो तो कृपया उल्लेख करें)**<br>**Other Amenities (Please Specify, if any)** | |

**सावधानी/CARE :**

- तकनीकी बोली में मूल्य पहलू के बारे में कोई संकेत नहीं दिया जाना चाहिए |
  No indication as to price aspect be given in Technical Bid.
- तकनीकी बोली और वित्तीय बोली अलग-अलग सीलबंद लिफाफों में जमा की जाएगी जिन पर टीबी और एफबी के रूप में चिन्हित विज्ञापन सन्दर्भ, आवेदक का नाम एवं आवेदक का पता लिखा हो |
  Technical bid and financial bid are to be submitted in separate sealed covers marked as TB & FB super scribing advertisement reference, name of the applicant and address of the applicant.

- दोनों सीलबंद लिफाफों (टीबी और एफबी) को "क्षेत्रीय कार्यालय झालावाड़ परिसर हेतु प्रस्ताव दिनांक 01.11.2024" चिन्हित कर, एक सीलबंद लिफाफे में रखा जाए |

  Both the sealed covers (TB & FB) be put in one sealed cover marked as "क्षेत्रीय कार्यालय परिसर हेतु प्रस्ताव दिनांक 01.11.2024".

**मालिक/कों के हस्ताक्षर / SIGNATURE OF OWNER/S:**
**दिनांक / Date:**

<u>क्षेत्रीय कार्यालय परिसर हेतु प्रस्ताव</u>

**परफॉर्मा (बी) :**
**वित्तीय बिड के लिए प्रारूप / Format for financial bid (FB)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **मालिक का नाम**<br>**Name of the owner** | |
| 2 | **टेलीफोन / मोबाईल नंबर**<br>**Telephone / Mobile number** | |
| 3 | **प्रस्तावित परिसर का पता**<br>**Address of proposed Premises** | |
| 4 | **कारपेट एरिया के वर्ग फुट के अनुसार किराये की दर. केवल कारपेट एरिया का कोटेशन होना है, किसी अन्य क्षेत्र का नही. ........प्रति वर्ग फुट. प्रति माह (करों सहित) :**<br>**Rental rate per sq. ft. of Carpet Area. Quote to be in carpet area only and not any other area .........per sq.ft per month(inclusive of taxes)** | |
| 5 | **नगरपालिका कर**<br>**Municipal Taxes** | **भवन मालिक द्वारा वहन किया जाएगा**<br>**To be borne by landlord** |
| 6 | **भविष्य में संशोधन सहित कर**<br>**Taxes including revision in future** | **भवन मालिक द्वारा वहन किया जाएगा**<br>**To be borne by landlord** |
| 7 | **अन्य चार्ज जैसे सोसाइटी चार्ज / मैंटेनेंस चार्ज / सुविधा चार्ज आदि ( कृपया उल्लेख करें)**<br>**Other charges, if any like Society Charges / Maintenance Charges / Charges for Amenities ( Please specify)** | ..........................................................................<br>..........................................................................<br>**भवन मालिक द्वारा वहन किया जाएगा**<br>**To be borne by landlord** |
| 8 | **SERVICE TAX/GST ON RENT (TO BE BORNE BY WHOM)** | |
| 9 | **लीज की अवधि (कम से कम 10 वर्ष)**<br>**Period of Lease (Minimum 10 years)** | |
| 10 | **पांच वर्षों के पश्चात किराए में वांछित वृद्धि**<br>**Desired enhancement in rent after 5 years** | **प्रत्येक 5 वर्षों में 10%**<br>**10% every 5 years** |
| 11 | **लीज डीड के खर्च को वहन किए जाने का अनुपात**<br>**Cost of Execution of Lease Deed to be shared** | **50:50 ( मालिक व बैंक द्वारा )**<br>**50:50 (By owner and Bank)** |

| | | |
|---|---|---|
| **12** | **निर्माण / रेनोवेशन के लिए ऋण की - आवश्यकता, यदि हो**<br>**Loan amount required for Construction / renovation, if any** | |
| | **अन्य कोई शर्त**<br>**Any other condition, if any** | |

**सावधानी/CARE :**

- तकनीकी बोली और वित्तीय बोली अलग-अलग सीलबंद लिफाफों में जमा की जाएगी जिन पर टीबी और एफबी के रूप में चिन्हित विज्ञापन सन्दर्भ, आवेदक का नाम एवं आवेदक का पता लिखा हो |

  Technical bid and financial bid are to be submitted in separate sealed covers marked as TB & FB super scribing advertisement reference, name of the applicant and address of the applicant.
- दोनों सीलबंद लिफाफों (टीबी और एफबी) को "क्षेत्रीय कार्यालय झालावाड़ परिसर हेतु प्रस्ताव दिनांक 01.11.2024" चिन्हित कर, एक सीलबंद लिफाफे में रखा जाए |

  Both the sealed covers (TB & FB) be put in one sealed cover marked as "क्षेत्रीय कार्यालय परिसर हेतु प्रस्ताव दिनांक 01.11.2024".

**मालिक/कों के हस्ताक्षर / SIGNATURE OF OWNER/S**
**दिनांक / Date:**